Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 3 अगस्त, 2023

मणिपुर जातीय हिंसा के बीच विस्थापित स्कूली बच्चों को राहत

मणिपुर में जातीय हिंसा के कारण विस्थापित 14,000 से अधिक स्कूली बच्चों की निरंतर शिक्षा को सुनिश्चित करने के लिये शिक्षा मंत्रालय द्वारा त्वरित कदम उठाए गए हैं।

- 3 मई, 2023 को '**आदिवासी एकजुटता मार्च**' से मणिपुर में जातीय झड़पों की शुरुआत हुई, यह मार्च **मैतेई समुदाय** द्वारा अनुसूचित जनजाति (ST) दर्जे की मांग की प्रतिक्रिया के रूप में आयोजित किया गया था।
    - **मैतेई लोगों** को **मणिपुरी लोगों** के रूप में भी जाना जाता है।
    - उनकी प्राथमिक भाषा '**मैतेई**' है, जिसे **मणिपुरी** भी कहा जाता है और यह **मणिपुर की एकमात्र आधिकारिक भाषा** है।
    - ये मुख्य रूप से **इंफाल घाटी** में बसे हुए हैं, हालाँकि इनकी एक बड़ी जनसंख्या **असम, त्रिपुरा, नगालैंड, मेघालय और मिज़ोरम जैसे भारत के अन्य राज्यों में रहती है।**
    - मैतेई लोग कबीलों में विभाजित हैं और एक ही कबीले के सदस्य आपस में विवाह नहीं करते हैं।

और पढ़ें...मैतेई द्वारा अनुसूचित जनजाति के दर्जे की मांग

पीएम यशस्वी योजना

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय अन्य पिछड़ा वर्ग (Other Backward Class- OBC), SC, विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजाति **(Denotified, Nomadic and semi-Nomadic Tribe- DNT)** तथा आर्थिक रूप से पिछड़ी जाति **(Economically Backward Caste- EBC) की** श्रेणियों के छात्रों के लिये 'पीएम यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवार्ड योजना फॉर वाइब्रेंट इंडिया' **(PM Young Achievers Scholarship Award Scheme for Vibrant India- PM YASASVI)** नामक एक व्यापक योजना लागू कर रहा है।

- **योजना के प्रमुख घटकों में शामिल हैं:**
    - OBC, EBC और DNT छात्रों के लिये **प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति।**
    - OBC, EBC और DNT छात्रों के लिये **पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति।**
    - OBC, EBC और DNT छात्रों के लिये **शीर्ष श्रेणी की स्कूली शिक्षा।**
    - OBC, EBC और DNT छात्रों के लिये **शीर्ष श्रेणी की कॉलेज शिक्षा।**
    - OBC बालक-बालिकाओं के लिये **छात्रावास का निर्माण।**

और पढ़ें...भारत में छात्रवृत्ति योजनाएँ

CAPF में मनोरोग के बढ़ते मामले

हाल ही में **गृह मंत्रालय ने** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों **(Central Armed Police Forces- CAPF)** में मनोरोग रोगियों की चिंताजनक वृद्धि की सूचना दी है। यह संख्या वर्ष 2020 के 3,584 से बढ़कर वर्ष 2022 में 4,940 हो गई है, जो रिपोर्ट किये गए **मनोरोगियों के आँकड़ों में लगभग 38% की वृद्धि को दर्शाता** है।

- मनोरोग संबंधी मामले ऐसे व्यक्तियों को संदर्भित करते हैं जो मानसिक स्वास्थ्य **विकारों** या स्थितियों का अनुभव कर रहे हैं और जिन्हें मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों से निदान, उपचार एवं देखभाल की आवश्यकता होती है।
    - इन मामलों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों की एक विस्तृत शृंखला शामिल है, जो इस प्रकार है:
        - **द्विध्रुवी विकार:** मनोदशा में अत्यधिक परिवर्तन आना, जिसमें उन्मत्तता और अवसादग्रस्तता जैसी स्थितियाँ शामिल हैं।
        - **अवसाद:** लगातार उदासी, निराशा और गतिविधियों में रुचि की कमी की भावना।
        - **सिज़ोफ्रेनिया:** मतिभ्रम, भ्रम,अव्यवस्थित विचार, असामान्य भावनात्मक स्थिति वाला एक गंभीर मानसिक विकार।
- इसके अलावा **महामारी के बाद की अवधि में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प चुनने वाले कर्मियों की बढ़ती संख्या** चिंता का विषय बनी हुई है। वर्ष 2022 में **11,211 कर्मियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति** ली, जो कार्यबल में संभावित असंतोष और अक्रियाशीलता का संकेत है।

और पढ़ें...[केंद्रीय सशसत्र पुलसि बल](), [मानसकि सवासथ्य से संबंधति मुद्दे]()

आदि पेरुक्कु 2023

आदि पेरुक्कु, जसि **पथनिट्टम पेरुक्कु** के नाम से भी जाना जाता है, **तमलिनाडु** में **[मानसून]()** के आगमन और जल के जीवनदायी गुणों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिये मनाया जाने वाला एक महत्त्वपूर्ण त्योहार है।

- **तमिल कैलेंडर के अनुसार,आदि महीने के 18वें दिन** पड़ने वाला यह त्योहार **मानसून की शुरुआत का प्रतीक** है, जबकि तमिल मान्यताओं के अनुसार इस त्योहार को मनाने से नदियों में जल स्तर बढ़ता है, जिससे फसल की बुवाई में तथा वनस्पतियों को लाभ होता है।
- आदि पेरुक्कु के दौरान लोग अनुष्ठान और प्रार्थना करने के लिये नदियों, मूलतः **[कावेरी नदी]()** के तट पर एकत्रित होते हैं।

और पढ़ें: [विभिन्न राज्यों के प्रमुख त्योहार]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-3-august-2023